कानपुर जागरण
7 अगस्त, 2021

# शताब्दी वर्ष समारोह में जारी होगा सौ रुपये का सिक्का

जागरण संवाददाता, कानपुर: हरकोर्ट बटलर टेक्निकल यूनिवर्सिटी (एचबीटीयू) के शताब्दी वर्ष को यादगार बनाने की तैयारी है। विश्वविद्यालय के सौ साल पूरे होने के उपलक्ष्य में 100 रुपये का सिक्का जारी किया जाएगा। एचबीटीयू प्रशासन ने सिक्के का प्रारूप भारतीय प्रतिभूति मुद्रण तथा मुद्रा निर्माण निगम लिमिटेड को भेजा था, जिसे मंजूरी मिल गई है। इसके साथ ही विवि के चित्र वाला पांच रुपये मूल्य का डाक टिकट भी जारी होगा। समारोह में राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द के हाथों यह सिक्का और डाक टिकट जारी किए जाने की उम्मीद है। कुलपति ने उन्हें निमंत्रण दिया है।

शताब्दी वर्ष समारोह का आयोजन 25 नवंबर से किया जाएगा, जो सात दिन तक चलेगा। पहले दिन राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल हो सकते हैं। उस दिन विश्वविद्यालय के नए छात्रावास, प्रवेश द्वार, म्यूजियम, विभाग, आडिटोरियम समेत 16 प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया जाएगा। उसके बाद कवि सम्मेलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रदर्शनी, कांफ्रेंस, सम्मान समारोह आदि आयोजित होंगे। इसमें एल्युमिनाई एसोसिएशन सहयोग कर रहा है। देश और विदेश में रहने वाले पुरातन छात्रों को आमंत्रित किया जाएगा। एचबीटीयू से पढ़कर सफल हुए कई प्रशासनिक अफसरों को समारोह में बुलाने की तैयारी है। डाक टिकट में विश्वविद्यालय का इतिहास नजर आएगा। इसकी डिजाइन तैयार की जा रही है। कुलपति प्रो. शमशेर ने चीफ पोस्ट मास्टर जनरल को पत्र भेज कर डाक टिकट जारी करने का अनुरोध किया था, जिसे मंजूर कर लिया गया है।

**एक तरफ भवन, दूसरी ओर 100 रुपये लिखा होगा:** सिक्के के एक तरफ विश्वविद्यालय की मुख्य बिल्डिंग, शताब्दी वर्ष समारोह 1921-2021 लिखा होगा, जबकि दूसरी ओर 100 रुपये लिखा नजर आएगा। कानपुर में इससे पहले अभी किसी विश्वविद्यालय का सिक्का जारी नहीं किया गया है।



एचबीटीयू द्वारा जारी किए जाने वाले 100 रुपये के सिक्के का प्रारूप • एचबीटीयू

## एचबीटीयू

**25** नवंबर से शुरू होने वाला शताब्दी वर्ष समारोह सात दिन तक चलेगा

### किताब का होगा विमोचन

एचबीटीयू के सौ साल की यात्रा के वृतांत का गवाह एक किताब को बनाया जा रहा है, जिसका विमोचन समारोह के दिन किया जाएगा।

### एल्युमिनाई के सहयोग से जुटाई जा रहीं 100 वर्ष की जानकारियां

समारोह से पहले विश्वविद्यालय के अधिकारी सौ साल की डिटेल खंगाल रहे हैं। उपलब्धि और महत्वपूर्ण जानकारियां जुटाई जा रही है। इसके लिए एल्युमिनाई से मदद ली जा रही है, ताकि कोई भी महत्वपूर्ण बात छूट न जाए।



एचबीटीयू के शताब्दी समारोह को भव्य बनाने की तैयारियां चल रही हैं। सौ रुपये का सिक्का और डाक टिकट जारी किया जाएगा।

**प्रो. शमशेर**, कुलपति एचबीटीयू

**16** प्रोजेक्ट का किया जाएगा शुभारंभ, जिसमें नए छात्रावास, प्रवेश द्वार, म्यूजियम, आडिटोरियम होंगे शामिल